Roll No. ....

DD–652

M. A. (Fourth Semester)
EXAMINATION, 2020

HINDI

Paper Sixth

(हिन्दी भाषा)

Time : Three Hours

Maximum Marks : 80

नोट : सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। अशुद्धि एवं अस्वच्छता पर अंक काटे जाएँगे। प्रत्येक प्रश्न के उत्तर की समाप्ति पर समाप्ति सूचक चिह्न का प्रयोग करें। उत्तर लेखन में निरन्तरता बनाए रखें। अखबार की तरह उत्तर का शेष भाग अमुक पृष्ठ पर देखें इस तरह का प्रयोग न करें।

1. प्राचीन भारतीय आर्य भाषाओं का परिचय देते हुए उनके वैशिष्ट्य पर प्रकाश डालिए। 15

अथवा

आधुनिक भारतीय आर्य भाषाओं को वर्गीकृत करते हुए उन भाषाओं के प्रमुख साहित्यकारों का परिचय दीजिए।

2. हिन्दी के भौगोलिक विस्तार पर एक विवेचनात्मक आलेख लिखिए। 15

अथवा

पूर्वी हिन्दी की विभिन्न बोलियों का उद्भव एवं विकास बताते हुए उनकी विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

3. संचार के श्रव्य माध्यमों में प्रयुक्त हिन्दी भाषा के स्वरूप एवं प्रकृति पर नातिदीर्घ निबन्ध लिखिए। 15

अथवा

भारतीय संविधान के आलोक में राजभाषा हिन्दी की संवैधानिक स्थिति पर प्रकाश डालिए।

4. 'हिन्दी भाषा शिक्षण' में कम्प्यूटर की उपयोगिता सिद्ध कीजिए। 15

अथवा

"संसार की कोई लिपि यदि सर्वाधिक पूर्ण है, तो वह एकमात्र देवनागरी है।" इस कथन को सोदाहरण समझाइए।

5. निम्नलिखित में से किन्हीं पाँच लघु उत्तरीय प्रश्नों को हल कीजिए : 10

(i) पालि का उद्भव बताते हुए इस भाषा में लिखित एक महत्वपूर्ण ग्रन्थ एवं उसके रचनाकार का नाम लिखिए।

(ii) खड़ी बोली का प्रयोग भारत के किन-किन क्षेत्रों में होता है ? लिखिए।

(iii) माध्यम भाषा की महत्वपूर्ण विशेषताओं को रेखांकित कीजिए।

(iv) कम्प्यूटर में हिन्दी भाषा के संदर्भ में आँकड़ा संसाधन को स्पष्ट कीजिए।

(v) देवनागरी लिपि के मानकीकरण को कुछ उदाहरणों के द्वारा समझाइए।

(vi) अपभ्रंश के कितने रूप हैं ? नामोल्लेख कीजिए।

(vii) मानक छत्तीसगढ़ी का मुख्य क्षेत्र कौन-सा है ? लिखिए।

6. निम्नलिखित में से किन्हीं दस वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 10

(i) 'देवभाषा' किस भाषा को कहा जाता है ?

(ii) अपभ्रंश के दो अन्य नाम लिखिए।

(iii) लहंदा एवं पंजाबी की उत्पत्ति किस अपभ्रंश से हुई ?

(iv) लोकगाथा 'आल्हा' किस बोली में लिखी गई है ?

(v) 'अहिरवारी' (मिश्रित बोली) का प्रयोग क्षेत्र बताइए।

(vi) दृश्य-श्रव्य माध्यमों के कुछ नवीन एवं महत्वपूर्ण उदाहरण लिखिए।

(vii) राष्ट्रभाषा एवं राजभाषा में कोई एक अन्तर बताइए।

(viii) देवनागरी के दो अन्य नाम लिखिए।

(ix) अनुसारका (ANUSARKA) क्या है ? लिखिए।

(x) भारत सरकार के उपक्रम (1985 में) सी. एम. सी. लिमिटेड ने कौन सा बहुभाषिक-संसाधक बनाया था ? बताइए।

(xi) 'माला' (MALA) हिन्दी में कम्प्यूटर की सुविधाओं के अन्तर्गत किससे सम्बन्धित है ? लिखिए।